कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

क्रमांक / 167 / स्था. / अतिथि व्या. / विज्ञापन / 2024 अकलतरा, दिनांक 19.07.2024

परिशिष्ट 1 अ

/ / अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारूप /

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक / 574 / 126 / आउशि / राज.स्था. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06.07.2024 एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54 / स्था. / 2020 / 38–1 / नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.06.2024 तथा पत्र क्रमांक 77 / नि.स. / स. / उ.शि. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 12.07.2024 के अनुसार शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 26.07.2024 को सायं 05.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डॉक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता –

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल को कार्य करने के लिये न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत ग्रंथालय के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिएं परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिएं।
2. आयु सीमा – अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल / अतिथि ग्रंथपाल अधिकतम 62 वर्ष तक।
3. छ.ग. के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

पदों का विवरण

क्रमांक	पदनाम	रिक्त पद एवं संख्या
1	अतिथि ग्रंथपाल	01
2	अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र	01

टीप – संबंधित पद में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत् अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र एवं अतिथि ग्रंथपाल की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

प्राचार्य
शास. डॉ.इन्द्रजीत सिंह महा. अकलतरा
जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. Indrajeet Singh College, Akaltara
Distt. Janjgir-Champa (C.G.)

शर्तें :–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम.फिल, पी–एच.डी., अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 27.07.2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणनुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाइन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहें है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 30.07.2024 को विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालय की वेबसाइट नहीं होने पर संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाइट में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य होगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 02.08.2024 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 03.08.2024 को किया जावेगा जिसका अवलोकन विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की वेबसाइट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

PRINCIPAL
Govt. Dr. Indrajeet Singh
College, Akaltara
Distt. Janjgir-Champa (C.G.)